**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**19.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

## एक देश एक चुनाव

एक देश एक चुनाव को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति संसद पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता में इन दिनों दो दिवसीय हिमाचल दौरे पर हैं। समिति ने आज शिमला के फागू में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नेता विपक्ष जयराम ठाकुर सहित सभी राजनीतिक दलों व बुद्धिजीवियों से एक देश एक चुनाव को लेकर उनकी राय जानी है ताकि सभी के सुझावों के बाद इसे देश में लागू किया जा सके। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि एक देश एक चुनाव का कांग्रेस पार्टी विरोध कर रही है। संयुक्त संसदीय समिति ने विस्तृत रूप से इसको लेकर आज जानकारी सांझा की है और हमने भी कुछ विषयों को लेकर अपनी बात रखी है जिसमें उप चुनाव की समयावधि को छ महीने के बजाय एक साल करने का सुझाव दिया है। समिति के सदस्य व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक देश एक चुनाव को लेकर संयुक्त संसदीय समिति देश के अलग–अलग राज्यों का दौरा कर रही है जहां पर सकारात्मक सुझाव आए हैं। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत करेगा और देश के पैसे व समय की बचत होगी जो देश के विकास में भी अहम भूमिका अदा करेगा। इससे पूर्व कल शाम समिति के सदस्यों ने राजभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भी शिष्टाचार भेंट की।

## योग दिवस कार्यक्रम

देशभर की पंचायतें 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन–आंदोलन बनाने के लिए तैयारी कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पत्र के माध्यम से ग्राम प्रधानों से आग्रह किया था कि वे योग को सामुदायिक जीवन का हिस्सा बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। पंचायतें उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया देते हुए स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष योग सत्र, सामुदायिक गतिविधियां और सामान्य योग प्रदर्शन आयोजित कर रही हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 को ग्राम स्तर पर एक वास्तविक जन–आंदोलन में बदला जा सके। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आगामी संस्करण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह न केवल एक वैश्विक आयोजन है, बल्कि वैश्विक मंच पर योग के पुनरुत्थान की एक दशक लंबी सार्थक यात्रा के पूरा होने का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने पत्र में उल्लेख किया कि यह गर्व की बात है कि योग ने न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर बल दिया जा रहा है ताकि दूर–दराज क्षेत्रों तक गुणवत्ता युक्त शिक्षा छात्रों को उपलब्ध हो सके। शिमला ज़िले के जुब्बल उपमंडल के तहत आज सारी पंचायत घर और मघारा सामुदायिक केंद्र के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में 15 पंचायत घरों और करीब चार सौ करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने सोलन में कल से शुरू होने वाले राज्य स्तरीय शूलिनी मेले को लेकर अधिकारियों के साथ आज एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने मेले की तैयारियों का ब्यौरा लिया और अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारू रखने के निर्देश दिए। शांडिल ने कहा कि मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस बार कुराश खेल खेला जाएगा।

**ट्रैफिक जाम**

राजधानी शिमला में ट्रैफिक जाम की समस्या से ऑफिस जाने वालों और स्कूली बच्चों सहित अन्य लोगों को खासा परेशान होना पड़ रहा हैं। इन दिनों सुबह से शाम तक शहर की सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे लोगों का समय बरवाद हो रहा है। शहरवासियों का कहना है कि जहां मात्र 20 मिनट का सफर तय करने में अब डेढ़ से दो घंटे लग रहे हैं वहीं बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचाना चुनौती बन गया है। लोगों का कहना है कि कई वर्षों से शिमला में ऐसे हालात बने हुए हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार द्वारा इसके स्थाई समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और ट्रैफिक पुलिस की लचर व्यवस्था इस समस्या को और बढ़ा रही है।

———————————